विषय कोड :
Subject Code : **106/206/306**

प्रश्न पुस्तिका क्रमांक
Question Booklet Serial No. 820-

# INTERMEDIATE SENT-UP EXAMINATION – 2024
# इन्टरमीडिएट उत्प्रेषण परीक्षा – 2024

प्रश्न पुस्तिका सेट कोड :
Question Booklet Set Code : → **A**

## HINDI (COMPULSORY)
## हिन्दी (अनिवार्य)
### I. Sc., I. Com. & I. A.

कुल प्रश्न : 100 + 6 = 106
**Total Questions : 100 + 6 = 106**

कुल मुद्रित पृष्ठ : 16
**Total Printed Pages : 16**

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)
[ Time : 3 Hours 15 Minutes ]

(पूर्णांक : 100)
[ Full Marks : 100 ]

---

***परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :***

1. ***परीक्षार्थी OMR उत्तर-पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक ( 10 अंकों का) अवश्य लिखें।***
2. *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
3. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
4. *प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*
5. *यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है— **खण्ड-अ** एवं **खण्ड-ब**।*
6. ***खण्ड-अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं,** जिनमें से **किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।** 50 प्रश्नों से अधिक का उत्तर देने पर प्रथम 50 का ही मूल्यांकन होगा। प्रत्येक के लिए **1 अंक** निर्धारित है। इनका उत्तर देने के लिए उपलब्ध कराये गए **OMR** उत्तर-पत्रक में दिए गए सही विकल्प को **नीले** / काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। **किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/ तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर-पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।***
7. ***खण्ड - ब में 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं ।** प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित हैं ।*
8. *किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।*

SENT-UP



by: BSEBResult.In

**A**

## खण्ड - अ

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर-पत्रक पर चिह्नित करें।** **50 × 1 = 50**

1. 'प्रतिष्ठा' शब्द का विशेषण क्या होगा ?

(A) प्रतिष्ठी (B) प्रति

(C) प्रतिष्ठित (D) प्रतीषठत

2. 'पुस्तक' शब्द का विशेषण क्या होगा ?

(A) पुस्तकीय (B) पुस्तिकिय

(C) पुस्तिका (D) पुस्तकें

3. 'नमक' शब्द का विशेषण क्या होगा ?

(A) नामक (B) नमकीन

(C) नाम (D) नमन

4. 'सरोवर' शब्द का संधि-विच्छेद है

(A) सर + वर (B) स + उर्वर

(C) सः + वर (D) सरः + वर

5. निम्नलिखित में कौन दीर्घ स्वर संधि का उदाहरण है ?

(A) गुर्वौदन (B) गणेश

(C) महौषध (D) गिरीन्द्र

6. 'पंचम' शब्द का संधि-विच्छेद है

(A) पम् + चम (B) पाप + चम

(C) प् + चम (D) पंच + म

7. 'दुरात्मा' शब्द का संधि-विच्छेद है

(A) दुरा + आत्मा (B) दुर + आत्मा

(C) दुष्ट + आत्मा (D) दुः + आत्मा



by: BSEBResult.In

8. निम्नलिखित में कौन शुद्ध शब्द है ?

(A) प्रवृत्त (B) प्रांगन

(C) तेलांजली (D) आधीन

9. निम्नलिखित में कौन शब्द द्वन्द्व समास का उदाहरण है ?

(A) शिवपार्वती (B) विद्यारत्न

(C) दुपहर (D) पीतांबर

10. 'पसेरी' शब्द में कौन समास है ?

(A) तत्पुरुष (B) द्वन्द्व

(C) द्विगु (D) कर्मधारय

11. निम्नलिखित में कौन शब्द अधिकरण तत्पुरुष समास का उदाहरण है ?

(A) धनहीन (B) कामचोर

(C) देशप्रेम (D) नराधम

12. 'उपकूल' शब्द में कौन समास है ?

(A) द्विगु (B) द्वन्द्व

(C) अव्ययीभाव (D) बहुव्रीहि

13. 'आचार' शब्द का विलोम क्या है ?

(A) आचरण (B) व्यवहार

(C) अनाचार (D) अनुचर

14. 'तिमिर' शब्द का विलोम क्या है ?

(A) तम (B) तमस

(C) पूर्णिमा (D) प्रकाश

15. 'कुरूप' शब्द का विलोम क्या है ?

(A) अरूप (B) सुरूप

(C) रूपक (D) रूपा

16. "सूर्योदय हुआ और अंधेरा जाता रहा ।"- किस वाक्य का उदाहरण है ?

(A) इच्छावाचक वाक्य (B) सरल वाक्य

(C) मिश्र वाक्य (D) संयुक्त वाक्य



by: BSEBResult.In

**A**

17. निम्नलिखित में कौन शुद्ध वाक्य है ?
    (A) भाई बहन आ रही है ।
    (B) वह दण्डनीय है ।
    (C) मैं नावों पर सवार था ।
    (D) वृक्षों पर फल खिल रहा था ।

18. 'नदी में बहता हुआ पानी' – कौन पदबंध है ?
    (A) संज्ञा पदबंध
    (B) सर्वनाम पदबंध
    (C) विशेषण पदबंध
    (D) क्रिया पदबंध

19. 'कुबेर' शब्द का पर्यायवाची है
    (A) धर्मराज
    (B) यक्षराज
    (C) यमराज
    (D) देवराज

20. 'गणेश' शब्द का पर्यायवाची है
    (A) धनाधिप
    (B) सूर्यकाय
    (C) महाकाय
    (D) लघुकाय

21. 'असुर' शब्द का पर्यायवाची शब्द क्या है ?
    (A) दयावान
    (B) बलवान
    (C) यातुधान
    (D) हनुमान

22. 'अश्व' शब्द का पर्यायवाची शब्द क्या है ?
    (A) हय
    (B) दनुज
    (C) अनल
    (D) पवन

23. 'जो कुछ नहीं जानता है' – के लिए एक शब्द है
    (A) अज्ञ
    (B) सर्वज्ञ
    (C) बहुज्ञ
    (D) अकथनीय

24. 'जिसकी उपमा न हो' – के लिए एक शब्द है
    (A) अनामिका
    (B) अद्वितीय
    (C) सुंदर
    (D) अनुपम

25. 'जो बहुत बोलता है' – के लिए एक शब्द है
    (A) मितभाषी
    (B) अल्पज्ञ
    (C) वाचाल
    (D) विद्वान

by: BSEBResult.In

by: BSEBResult.In

26. 'नाक पर गुस्सा' मुहावरे का अर्थ है

(A) तुरंत क्रोध
(B) दुखी होना
(C) सुखी होना
(D) प्रसन्न होना

27. 'सिर भारी होना' मुहावरे का अर्थ है

(A) सिर पर बोझ लादना
(B) सिर में दर्द होना
(C) सिर दर्द से राहत
(D) तनाव रहित होना

28. 'बात बढ़ाना' मुहावरे का अर्थ है

(A) मिलाप करना
(B) मित्र बनाना
(C) बहस छिड़ जाना
(D) प्रेम प्रकट करना

29. 'सफेद झूठ' मुहावरे का अर्थ है

(A) हमेशा साफ रहना
(B) सत्य भाषण
(C) झूठ न बोलना
(D) सरासर झूठ

30. 'मीरा गयी' – किस काल का उदाहरण है ?

(A) सामान्य भूत काल
(B) अपूर्ण भूत काल
(C) संदिग्ध भूत काल
(D) वर्तमान काल

by: BSEBResult.In

31. 'राम पढ़ेगा' – किस काल का उदाहरण है ?

(A) वर्तमान काल
(B) भूत काल
(C) भविष्यत काल
(D) सामान्य वर्तमान काल

32. 'बहन' शब्द का बहुवचन रूप क्या है ?

(A) बहिनी
(B) बाहनाओं
(C) बहनें
(D) बहिनाएँ

33. निम्नलिखित में कौन शब्द अव्यय का उदाहरण है ?

(A) गीत
(B) चलना
(C) खाना
(D) परंतु

34. 'शब्द' किसे कहते हैं ?

(A) पदों के मेल को
(B) ध्वनि की लघुतम इकाई को
(C) ध्वनियों के मेल से बने सार्थक वर्ण समुदाय को
(D) इनमें से कोई नहीं



by: BSEBResult.In

35. 'आराम' शब्द है

(A) तत्सम
(B) तद्भव
(C) देशज
(D) विदेशी

36. 'मयूर' शब्द का तद्भव रूप है

(A) तोता
(B) मैना
(C) मोर
(D) मुर्गा

37. 'वत्स' शब्द है

(A) तत्सम
(B) तद्भव
(C) देशज
(D) विदेशी

38. 'रात को बाहर मत जाओ'- यह कौन वाक्य है ?

(A) इच्छावाचक
(B) संकेतवाचक
(C) निषेधवाचक
(D) प्रश्नवाचक

39. 'अपयश' शब्द में कौन उपसर्ग है ?

(A) अव
(B) अनु
(C) अप
(D) अ

40. 'विराम' शब्द में कौन उपसर्ग है ?

(A) आ
(B) सु
(C) वि
(D) नि

41. 'नि' उपसर्ग से बना शब्द है

(A) निरपराध
(B) निराकरण
(C) निदान
(D) नीरोग

42. 'बढ़िया' शब्द में कौन प्रत्यय है ?

(A) इया
(B) बढ़ना
(C) ब
(D) आ

43. 'लड़ाई' शब्द में कौन प्रत्यय है ?

(A) लड़ना
(B) आई
(C) ई
(D) अ



by: BSEBResult.In

44. 'वीरत्व' शब्द में कौन प्रत्यय है ?

(A) वीर (B) अ

(C) त्व (D) कत्वा

45. हिन्दी में कितने लिंग हैं ?

(A) दो (B) तीन

(C) चार (D) पाँच

46. 'निराशा' शब्द है

(A) पुंलिंग (B) स्त्रीलिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

47. 'अनुमान' शब्द क्या है ?

(A) पुंलिंग (B) स्त्रीलिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

48. 'चाँदी' शब्द क्या है ?

(A) पुंलिंग (B) स्त्रीलिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

by: BSEBResult.In

49. हिन्दी में कुल कितने सर्वनाम हैं ?

(A) 9 (B) 11

(C) 13 (D) 15

50. 'उसका सिर खुजलाता है' – इस वाक्य में कौन क्रिया है ?

(A) अकर्मक (B) सकर्मक

(C) द्विकर्मक (D) संयुक्त

51. 'बालक पेड़ से गिरा' – में कारक है

(A) करण कारक (B) संप्रदान कारक

(C) अपादान कारक (D) संबंध कारक

52. 'हे नाथ ! मेरी सहायता करो' – किस कारक का उदाहरण है ?

(A) कर्म कारक (B) संबंध कारक

(C) अधिकरण कारक (D) संबोधन कारक



by: BSEBResult.In

**A**

53. 'शुक्रवार' शब्द में कौन संज्ञा है ?

(A) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(B) भाववाचक संज्ञा
(C) गुणवाचक संज्ञा
(D) जातिवाचक संज्ञा

54. निम्नलिखित में कौन अंतःस्थ व्यंजन है ?

(A) ग
(B) ज
(C) फ
(D) व

55. निम्नलिखित में कौन अल्पप्राण व्यंजन का उदाहरण है ?

(A) ग
(B) घ
(C) थ
(D) ख

56. 'घ' का उच्चारण-स्थान क्या है ?

(A) कंठ
(B) तालु
(C) मूर्द्धा
(D) दंत

57. निम्नलिखित में कौन स्वर एकमात्रिक का उदाहरण है ?

(A) ई
(B) उ
(C) ऊ
(D) ऐ

58. 'अनुपमा अत्यंत सुंदर है' – वाक्य में कौन विशेषण है ?

(A) सार्वनामिक विशेषण
(B) परिमाणबोधक विशेषण
(C) प्रविशेषण
(D) संख्यावाचक विशेषण

59. 'थ' का उच्चारण-स्थान है

(A) तालु
(B) मूर्द्धा
(C) दंत
(D) ओष्ठ

60. 'गायक' शब्द का संधि-विच्छेद क्या है ?

(A) गाय + क
(B) गै + अक
(C) ग + अक
(D) गे + यक



by: BSEBResult.In

61. 'नूतन ब्रह्मचारी' नामक उपन्यास के उपन्यासकार कौन हैं ?

(A) ओमप्रकाश वाल्मीकि (B) नामवर सिंह

(C) बालकृष्ण भट्ट (D) मोहन राकेश

62. जयप्रकाश नारायण के बचपन का नाम क्या था ?

(A) राहुल (B) बाउल

(C) आनंद (D) गोविन्द

63. 'बर्नार्ड शॉ' ने नर को क्या माना है ?

(A) अहेरिन (B) अहेर

(C) जादूगर (D) देवता

64. मालती के पति का नाम क्या था ?

(A) अमरेश्वर (B) दानेश्वर

(C) रामेश्वर (D) महेश्वर

65. कुलबीर सिंह और कुलतार सिंह भगत सिंह के कौन थे ?

(A) मामा (B) काका

(C) भाई (D) चाचा

66. किस रचनाकार का कार्यक्षेत्र बिहार था ?

(A) बालकृष्ण भट्ट (B) मोहन राकेश

(C) जगदीशचंद्र माथुर (D) ओमप्रकाश वाल्मीकि

67. किस कहानी का शीर्षक पहले 'गैंग्रीन' था ?

(A) तिरिछ (B) रोज

(C) उसने कहा था (D) जूठन

68. कौन साहित्यकार 'नई कहानी' आंदोलन के प्रमुख हस्ताक्षर थे ?

(A) रामधारी सिंह 'दिनकर' (B) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी

(C) अज्ञेय (D) मोहन राकेश



by: BSEBResult.In

69. 'राम की शक्तिपूजा' नामक कृति किनकी है ?

(A) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
(B) जयशंकर प्रसाद
(C) नामवर सिंह
(D) ओमप्रकाश वाल्मीकि

70. निम्नलिखित में कौन साहित्यकार राजकमल प्रकाशन में साहित्य. सलाहकार थे ?

(A) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(B) सुमित्रानंदन पंत
(C) जयशंकर प्रसाद
(D) नामवर सिंह

71. निम्नलिखित में किस रचनाकार ने 'मेघदूत' नामक नाट्य संस्था की स्थापना की ?

(A) मलयज
(B) ओमप्रकाश वाल्मीकि
(C) कर्दम
(D) उदय प्रकाश

72. 'जूठन' शीर्षक आत्मकथा के लेखक के भाइयों का नाम क्या था ?

(A) जसवंत और जनार्दन
(B) जसवीर और जनेसर
(C) कंवलनाथ और महेसर
(D) काशीराम और चनेसर

73. निम्नलिखित में कौन रचना मलयज की नहीं है ?

(A) जख्म पर धूल
(B) अबूतर-कबूतर
(C) कविता से साक्षात्कार
(D) रामचंद्र शुक्ल

74. 'थानू' किस कहानी का पात्र है ?

(A) जूठन
(B) रोज
(C) उसने कहा था
(D) तिरिछ

75. 'दत्तात्रेय के दुख' किसकी रचना है ?

(A) जे० कृष्णमूर्ति
(B) अज्ञेय
(C) उदय प्रकाश
(D) मलयज

76. जे० कृष्णमूर्ति का जन्म किस राज्य में हुआ था ?

(A) केरल
(B) आंध्र प्रदेश
(C) उड़ीसा
(D) असम



by: BSEBResult.In

77. मलिक मुहम्मद जायसी किस काव्य-परम्परा के कवि थे ?

(A) ज्ञानाश्रयी
(B) प्रेमाख्यानक
(C) रामाश्रयी
(D) कृष्णाश्रयी

78. निम्नलिखित में कौन कवि 'अष्टछाप' में शामिल थे ?

(A) जायसी
(B) सूरदास
(C) तुलसीदास
(D) नाभादास

79. निम्नलिखित में कौन कृति सूरदास द्वारा रचित नहीं है ?

(A) चित्ररेखा
(B) सूरसागर
(C) साहित्य लहरी
(D) सूरसारावली

80. 'हनुमान बाहुक' नामक कृति किसकी है ?

(A) जायसी
(B) तुलसीदास
(C) सूरदास
(D) नाभादास

by: BSEBResult.In

81. तुलसीदास के गुरु कौन थे ?

(A) महाप्रभु वल्लभाचार्य
(B) शेख मोहिदी
(C) नरहरिदास
(D) अग्रदास

82. निम्नलिखित में कौन कवि रामभक्त थे ?

(A) रहीम
(B) रसखान
(C) सूरदास
(D) नाभादास

83. कवि भूषण किस काल के कवि हैं ?

(A) आदिकाल
(B) भक्तिकाल
(C) रीतिकाल
(D) आधुनिक काल

84. कवि भूषण को 'कवि भूषण' की उपाधि किसने दी थी ?

(A) छत्रपति शिवाजी
(B) राजा रुद्रसाह
(C) राजा शिवनारायण
(D) राजा छत्रसाल



by: BSEBResult.In

85. कविता लेखन का आरम्भ जयशंकर प्रसाद ने किस भाषा में किया ?

(A) ब्रज भाषा
(B) अवधी भाषा
(C) बघेली भाषा
(D) मगही भाषा

86. 'इंदु' नामक पत्रिका का प्रकाशन किसने किया ?

(A) जयशंकर प्रसाद
(B) अंबिका प्रसाद
(C) विनोद कुमार शुक्ल
(D) मुक्तिबोध

87. निम्नलिखित में कौन रचना छायावाद की प्रतिनिधि रचना है ?

(A) शिवराजभूषण
(B) पद्मावत
(C) श्रीरामचरितमानस
(D) कामायनी

88. स्वाधीनता संघर्ष में सक्रिय भागीदारी किसकी थी ?

(A) सुभद्रा कुमारी चौहान
(B) क्षमा शर्मा
(C) नासिरा शर्मा
(D) मैत्रेयी पुष्पा

89. शमशेर बहादुर सिंह की पत्नी का नाम क्या था ?

(A) उषा देवी
(B) गीता देवी
(C) धर्म देवी
(D) कृष्णा देवी

90. कवि और शायर एक साथ निम्न में से कौन थे ?

(A) शमशेर बहादुर सिंह
(B) जयशंकर प्रसाद
(C) रघुवीर सहाय
(D) अज्ञेय

91. निम्नलिखित में कौन रचना गजानन माधव 'मुक्तिबोध' की है ?

(A) सीढ़ियों पर धूप
(B) पेड़ पर कमरा
(C) उर्वशी
(D) काठ का सपना

92. 'हरचरना' किसका प्रतिनिधि है ?

(A) आम आदमी
(B) खास आदमी का
(C) शोषक आदमी का
(D) शासक आदमी का

93. 'रास्ता इधर से है' किसकी रचना है ?

(A) मुक्तिबोध
(B) रघुवीर सहाय
(C) अज्ञेय
(D) सुमित्रानंदन पंत

by: BSEBResult.In



by: BSEBResult.In

94. इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कौन कवि कार्यरत थे ?

(A) अशोक वाजपेयी
(B) विनोद कुमार शुक्ल
(C) ज्ञानेंद्रपति
(D) रघुवीर सहाय

95. निम्नलिखित में किस कवि को 'दयावती मोदी कवि शेखर सम्मान' प्राप्त हुआ था ?

(A) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(B) जगदीशचंद्र माथुर
(C) मोहन राकेश
(D) अशोक वाजपेयी

96. बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित होकर कारा अधीक्षक के पद पर किस कवि ने कार्य किया ?

(A) अशोक वाजपेयी
(B) रघुवीर सहाय
(C) ज्ञानेंद्रपति
(D) विनोद कुमार शुक्ल

97. 1870-90 के बीच लगभग तीन सौ कहानियाँ किसकी प्रकाशित हुईं ?

(A) अंतोन चेखव
(B) हेनरी लोपेज
(C) गाइ डि मोपासाँ
(D) इलियट

by: BSEBResult.In

98. किस लेखक की रचना शासन व्यवस्था और उसके तंत्र की अमानवीयता को रेशे-रेशे में उघाड़ता है ?

(A) अंतोन चेखव
(B) गाइ डि मोपासाँ
(C) हेनरी लोपेज
(D) क्रोचे

99. अफ्रीकी देश कांगो में किस लेखक का जन्म हुआ था ?

(A) वर्ड्सवर्थ
(B) हेनरी लोपेज
(C) अंतोन चेखव
(D) गाइ डि मोपासाँ

100. 'मृत्यु के कुछ समय पहले स्मृति बहुत साफ हो जाती है ।' – यह पंक्ति किस शीर्षक कहानी की है ?

(A) रोज
(B) तिरिछ
(C) जूठन
(D) उसने कहा था



by: BSEBResult.In

## खण्ड - ब

### विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखें : 1 × 8 = 8

   (i) महँगाई

   (ii) बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ

   (iii) दीपावली

   (iv) वृक्षारोपण

   (v) आतंकवाद : विश्व के लिए खतरा

   (vi) राष्ट्र-निर्माण में युवाशक्ति का योगदान ।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या करें : 2 × 4 = 8

   (i) "प्रत्येक पत्नी अपने पति को बहुत कुछ उसी दृष्टि से देखती है जिस दृष्टि से लता अपने वृक्ष को देखती है ।"

   (ii) "कितने क्रूर समाज में रहे हैं हम, जहाँ श्रम का कोई मोल ही नहीं बल्कि निर्धनता को बरकरार रखने का एक षड्यंत्र ही था यह सब ।"

   (iii) "बिधु मलीन रवि प्रकास गावत नर नारी ।
   सूर स्याम प्रात उठौ, अंबुज-कर-धारी ।।"

   (iv) "गाँव का वह घर
   अपना गाँव खो चुका है
   पंचायती राज में जैसे खो गए पंच परमेश्वर"

3. अपने महाविद्यालय के प्रधानाचार्य के पास एक आवेदन पत्र लिखें जिसमें पुस्तकालय में हिन्दी की पत्रिकाएँ मँगवाने का अनुरोध किया गया हो । 5

**अथवा**

अपनी दिनचर्या का वर्णन करते हुए अपने पिताजी के पास एक पत्र लिखें ।



by: BSEBResult.In

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के उत्तर दें : $5 \times 2 = 10$

(i) 'उसने कहा था' शीर्षक कहानी कितने भागों में बँटी हुई है ? कहानी के कितने भागों में युद्ध का वर्णन है ?

(ii) 'आर्ट ऑफ कनवरसेशन' क्या है ?

(iii) संघर्ष समितियों से जयप्रकाश नारायण की क्या अपेक्षाएँ हैं ?

(iv) नारी की पराधीनता कबसे आरंभ हुई ?

(v) अंग्रेज नीलहे किसानों पर कैसा अत्याचार करते थे ?

(vi) मानक और सिपाही एक दूसरे को क्यों मारना चाहते हैं ?

(vii) राम के सुनते ही तुलसी की बिगड़ी बात बन जाएगी, तुलसी के इस भरोसे का कारण क्या है ?

(viii) कबीर ने भक्ति को कितना महत्त्व दिया ?

(ix) पुत्र को 'छौना' कहने में कैसा भाव छुपा है ? उसे उद्घाटित करें ।

(x) 'बिटिया' से क्या सवाल किया गया है ? 'प्यारे नन्हें बेटे को' शीर्षक कविता के अनुसार लिखें ।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर दें : $3 \times 5 = 15$

(i) अशोक वाजपेयी रचित 'हार-जीत' शीर्षक कविता का केन्द्रीय भाव क्या है ?

(ii) 'गाँव का घर' शीर्षक कविता का सारांश लिखें ।

(iii) लोहा क्या है ? इसकी खोज क्यों की जा रही है ?

(iv) शिक्षा का क्या अर्थ है एवं इसके क्या कार्य हैं ? स्पष्ट करें ।

(v) 'तिरिछ' शीर्षक कहानी के लेखक के पिता का चरित्र-चित्रण अपने शब्दों में करें ।

(vi) किन बातों को सोचकर ओमप्रकाश वाल्मीकि के भीतर काँटे जैसे उगने लगते हैं ?



by: BSEBResult.In

6. निम्नलिखित अवतरणों में से किसी एक का संक्षेपण कीजिए : 1 × 4 = 4

(i) मोबाइल ने हमें वाचाल तो बनाया ही साथ में हमारी सोचने-समझने की शक्ति को भी प्रभावित किया है । यदि देखा जाए तो इसका असर लगभग सभी लोगों पर पड़ा है, किन्तु छात्र-जीवन पर इसका प्रभाव व्यापक रूप से पड़ा है । इसके कारण छात्रों की पढ़ाई बाधित हुई है । चाहकर भी छात्र ध्यान केन्द्रित नहीं कर पाते, इसका कारण साफ है मोबाइल से निकटता । मोबाइल पर घंटों चिपके रहने से छात्रों का समय और स्वास्थ्य दोनों बर्बाद होता है । फिर भी उन्हें पढ़ाई से ज्यादा मोबाइल पर मनोरंजन ही लुभाता है । इस तरह मोबाइल ने आज सभी का सुख और शांति छीन लिया है ।

(ii) सम्राट् अकबर हिन्दी के कवियों का बड़ा सम्मान करता था और खुद भी कविता रचता था । वह विद्वान न होकर भी काव्य-रसिक था । अकबर विद्यानुरागी भी था, तभी तो उसने भिन्न-भिन्न भाषाओं की पुस्तकों का संग्रहण कर उसे पुस्तकालय के रूप में स्थापित किया था । वह अच्छी पुस्तकों का भाषांतरण भी कराता था । इतना ही नहीं उसके शासनकाल में फारसी, संस्कृत, उर्दू और हिन्दी का पठन-पाठन जोरों से चलता था । अकबर ने राजत्वकाल में हिन्दू और मुसलमान दोनों साहित्य से प्रेम रखते थे और कविता भी रचते थे ।

by:BSEBResult.In

बिहार बोर्ड से संबंधित सभी जानकारी, लेटेस्ट न्यूज़, प्रश्न पत्र, मॉडल पेपर, एडमिट कार्ड, रजिस्ट्रेशन कार्ड, परीक्षा तिथियां, आधिकारिक डायरेक्ट लिंक इत्यादि सबसे पहले पाने के लिए...

BSEBResult.In

विजिट करें।



by:BSEBResult.In